राजस्थान पत्रिका
य एषु सुप्तेषु जागर्ति

इक्मा 30 को करेगी हड़ताल

कोलकाता, 26 मार्च(का.सं.)। इस्टर्न इंडिया कोरुगैटेड बॉक्स मैनूफैक्चर्स एसोसएिशन(इक्मा) ने 30 मार्च को सांकेतिक हड़ताल का निर्णय किया है। इंटरनेशनल क्लब में शुक्रवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक जानकारी दी गई। इक्मा के अध्यक्ष हेमंत सरावगी ने बताया कि कोरुगेटेड व्यवसाय बंद होने की कगार पर है। कच्चे पदार्थों की कीमत 30 से 40 प्रतिशत बढ़ा दी गई है जिसके कारण व्यसायियो को व्यवसाय चलाना मुश्किल हो रहा है। मजबूरन इक्मा ने हड़ताल पर जाने का निर्णय किया है। 30 मार्च को झारखंड, असम, उड़ीसा सहित अन्य पूर्वी क्षेत्रों में इक्मा की इकाइयां बंद रहेंगी। पेपर मिलें शीघ्रता से पेपर की कीमतें बदल रही हैं। ऐसे में कोरुगेटेड का उत्पादन करना मुश्किल हो रहा है। हमारी मांग है कि सरकार आयात शुल्क पर कस्टम ड्यूटी कम करे। जरूरत पड़ने पर हम अनिश्चितकालीन हड़ताल भी करेंगे। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ कोरुगेटेड बॉक्स मैनूफैक्चर्स के अध्यक्ष आर.जी.अग्रवाल ने कहा कि वातावरण के अनुकूल होने के बावजूद बॉक्स व्यवसाय के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हड़ताल के माध्यम से हम उपभोक्ताओं में कोरुगेटेड बॉक्स के प्रति जागरूकता भी फैलाना चाहते हैं।